# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 20.04.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

**मुख्य समाचार :–**

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में हावर्ट बांध पर बन रही फोरलेन सड़क का किया निरीक्षण : कहा– बेहतरीन कनेक्टविटी देने का सरकार कर रही है काम।
2. मुख्यमंत्री ने प्राकृतिक आपदा पीड़ितों को राहत राशि देने के दिये निर्देश : अधिकारियों से मांगी फसलों के नुकसान की रिपोर्ट।
3. रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊ में सुलभ इंटनेशनल के संस्थापक डॉक्टर विंदेश्वरी पाठक की प्रतिमा का किया अनावरण : कहा– स्वर्गीय पाठक के प्रयासों ने लाखों लोगों को दिलाया स्वच्छता का अधिकार।
4. प्रदेश भर में श्रद्धा और उल्लास से मनाया जा रहा है ईस्टर का पर्व : गिरजाघरों में की गई विशेष प्रार्थना।

और

5. अम्बेडकर नगर में 47वीं राष्ट्रीय पुरूष हैंडबॉल प्रतियोगिता शुरू : 32 टीमें ल रही हैं हिस्सा, 24 अप्रैल को होगा समापन।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर के हावर्ट बांध पर बन रहे फोरलेन सड़क के निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया और कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर करने के निर्देश दिए। इस दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हावर्ट बांध पर फोरलेन बन जाने से शहर को बाढ़ से बचाने के साथ ही यातायात की बड़ी समस्या का समाधान होगा। उन्होंने कहा कि पहले इस क्षेत्र के लोगों को आवागमन में परेशानी होती थी लेकिन नई व्यवस्था से काफी सहूलियत मिलेगी। बाइट...

*आज गोरखपुर के अंदर यातायात की बेहतरीन व्यवस्था के लिए जिन्हें बाहर–बाहर निकलना है। वे बाहर–बाहर ट्रांसपोर्ट नगर से लेकर के डोमिनगढ़ तक एक फोरलेन की सड़क होगी, फिर डोमिनगढ़ में एक रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण हो रहा है, और फिर वहां से हावर्ड बंधा के बाद माधौपुर तटबंध को भी फोरलेन के साथ जोड़ते हुए महेसराय को जोड़ने की कारवाई होगी, तो महेसराय तक ये पूरे उसको बाहर बाहर से फोरलेन की एक बेहतरीन कनेक्टिविटी गोरखपुर को मिल जाएगी।*

वहीं कानपुर में 24 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित दौरे के तैयारियों का मुख्यमंत्री ने आज निरीक्षण किया और अधिकारियों को जरूरी दिशा–निर्देश दिये।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य में बारिश, ओलावृष्टि और आंधी से प्रभावित लोगों को जल्द से जल्द

राहत राशि उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। श्री योगी ने कहा है कि जिलों के अधिकारी पूरी तत्परता के साथ राहत कार्य संचालित करें। उन्होंने निर्देश दिया है कि जिन जिलों में आकाशीय बिजली, आंधी–तूफान और बारिश से जनहानि, पशुहानि और फसलों का नुकसान हुआ है वहां अधिकारी सर्वे करा कर शासन को शीघ्र रिपोर्ट भेजें ताकि इस सिलसिले में जरूरी कार्रवाई की जा सके।

मुख्यमंत्री ने बल देते हुए कहा है कि जल भराव की स्थिति होने पर अधिकारी प्राथमिकता के आधार पर जल निकासी की व्यवस्था करायं।

————————

रक्षामंत्री और स्थानीय सांसद राजनाथ सिंह ने आज लखनऊ के अलीगंज में सुलभ इंटरनेशनल के संस्थापक डॉक्टर बिंदेश्वरी पाठक की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मागांधी के ‘स्वच्छता ही सेवा’ विचार को स्वर्गीय पाठक ने मूर्त रूप देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि डॉक्टर पाठक द्वारा स्थापित संस्था में न सिर्फ लाखों लोगों को स्वच्छता का अधिकार दिलाया बल्कि उनके लिए सम्मान जनक जीवन का मार्ग भी प्रशस्त किया। सामाजिक सुधार के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए डॉक्टर पाठक को हमेशा याद रखा जायेगा।

बाइट...

*पाठक जी के बारे में मैं मानता हूं कि वो व्यक्ति नहीं थे बल्कि आंदोलन थे और उनका एक दूरदर्शी सामाजिक उद्देश्य था। यदि मैं यह कहूं कि पाठक जी ने भारत के स्वच्छता परिदृश्य को एक नई दिशा देने का काम किया है तो यह कहना भी अतिश्योक्ति पूर्ण नहीं होगा। उन्होंने सिद्ध कर दिया कि यदि सेवा भाव सच्चा हो तो समाज में बहुत बड़ा बदलाव लाया जा सकता है। सुलभ इंटरनेशनल की स्थापना करना न केवल लोगों को उन्होंने स्वच्छता का अधिकार दिलाया बल्कि उनके लिए एक सम्मानजनक जीवन की राह खोली है। उन्होंने महात्मा गांधी जी के स्वच्छता ही सेवा के विचार को मूर्त रूप देने का काम किया है।*

कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा और रामचन्द्र प्रधान, डॉक्टर नीरज बोरा और नित्या पाठक सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे। अपने निर्वाचन क्षेत्र लखनऊ के दारे में उन्होंने पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और धर्मगुरूओं से भी संवाद किया।

---

श्रीराम वन गमन मार्ग पर दो सौ बानवे महत्वपूर्ण स्थानों पर श्रीराम स्तम्भ बनाये जायेंगे। यह फैसला अयोध्या में श्रीराम सांस्कृतिक शोध संस्थान न्यास के दो दिवसीय अखिल भारतीय सम्मेलन में लिया गया। और विवरण हमारे अयोध्या प्रतिनिधि से.... डिस्पैच

*श्री राम स्तम्भ की लंबाई पन्द्रह फिट, मध्य की चौड़ाई ढाई फिट और आधार पांच फिट का है। भार बारह टन है और साढ़े पांच फिट ऊंचा पीतल से बना ध्वज, शिखर पर सुशोभित होगा। स्तम्भ पर संस्कृत, हिन्दी और स्थानीय भाषा में स्थान की महत्ता तथा भगवान श्री राम का उक्त स्थान से संबंध लिखा जाएगा। साथ ही सूर्यवंश के सभी महत्वपूर्ण चिह्न भी इस पर अंकित होंगे। स्तम्भ की डिजाइन व रचना कार्य वास्तुकला के वरिष्ठ विद्वान तैयार करेंगे। तन्मय सोनी आकाशवाणी समाचार अयोध्या।*

इस काफी टेबल बुक में श्री राम वन गमन मार्ग पर चिन्हित महत्वपूर्ण स्थानों पर श्रीराम स्तंभ प्रतिष्ठित करने संबंधी संस्था के संस्थापक डॉ रामावतार शर्मा के कठिनाइयां भरे प्रयास का विस्तृत विवरण रहेगा जिन्होंने यह दुर्लभ चिन्हांकन भारत से नेपाल और श्रीलंका तक की 5000 किलोमीटर की अखंड भारत पद यात्रा करके पूरी की।

————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————————

प्रदेश सरकार हेल्थ टूरिज्म पर बल दे रही है। इस क्रम में चिकित्सा की परम्परागत विधा आयुष पर उसका विशेष फोकस है। एक रिपोर्ट...

*आयुष, बगैर किसी नुकसान के इलाज का परम्परागत और प्रभावी जरिया है। योग सहित आयुर्वेद की वैश्विक स्तर पर बढ़ती लोकप्रियता भारतीय ज्ञान और विरासत की सम्पन्नता का सुबूत है। वहीं विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा हर्बल उत्पादों को मान्यता देना भारत के लिए एक सुनहरा मौका है। वर्ष 2014 में आयुष उत्पादों का ग्लोबल बाजार पौने दो अरब अमरीकी डॉलर था, जो पिछले*

*दस वर्षों में बढ़कर लगभग साढ़े तैंतालीस अरब डॉलर का हो गया है। योगी सरकार की आयुष संवर्धन नीति के तहत गोरखपुर में महायोगी गुरू गोरखनाथ के नाम से राज्य का पहला आयुष विश्वविद्यालय शुरू हो चुका है और आयुर्वेद, युनानी और होम्योपैथी विधा के प्रोत्साहन के लिए प्रदेश में पहले ही आयुष बोर्ड बनाया जा चुका है। अयोध्या में राजकीय आयुर्वेदिक और वाराणसी में राजकीय होम्योपैथी कॉलेज का संचालन भी जल्द शुरू हो जायेगा। यह सिलसिला जारी रहा तो उत्तर प्रदेश धार्मिक पर्यटन के बाद हेल्थ और वेल्नेस टूरिज़्म का भी प्रमुख केंद्र बन जायेगा। आकाशवाणी समाचार कक्ष से फ़ज़ल इनाम।*

————————

ईसाई धर्म के प्रवर्तक प्रभु ईसा मसीह के पुनर्जीवन का पर्व ईस्टर आज प्रदेश भर में श्रद्धा और उल्लास से मनाया जा रहा है। इस अवसर पर सुबह से ही गिरिजाघरों में ईसाई श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी हुयी है। ईस्टर क उपलक्ष्य में गिरजाघरों में विशेष प्रार्थना की गई। वहीं राजधानी लखनऊ के लालबाग स्थित सेन्ट्रल मेथोडिस्ट चर्च से शाम एक धार्मिक जुलूस भी निकाला गया। गुड फ्राइडे के दिन सूली पर चढ़ाये जाने के दो दिन बाद प्रभु ईसा मसीह फिर से जीवित हो गये थे, इसी खुशी में ईसाई धर्मावलम्बी प्राथानाओं के साथ–साथ अपने घरों में खुशिया मनाते हैं।

————————

अम्बेडकर नगर जिले में 47वीं राष्ट्रीय पुरूष हैंडबाल प्रतियोगिता की आज शुरूआत हो गई। प्रतियोगिता का शुभारंभ विधान परिषद सदस्य हरिओम पाण्डेय और विधायक धर्मराज निषाद ने किया। इस अवसर पर मौजूद

जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने बताया कि यह हैंडबॉल प्रतियोगिता 24 अप्रैल तक जारी रहेगी। बाइट..

*32 टीमें राज्यों की और यू0पी0 की इसमें भाग लेरही हैं। 24 तारीख को इसका समापन होगा, इसमें सेलेक्टर्सभी आज आ रहे हैं, जो यहां की टीम के परफॉर्मेंस के आधार पर नेशनल टीम का चयन करेंगे। इसके आयोजन केमाध्यम से पूरे ग्रामीणांचल में कह लीजिये या हमारा जो पूर्वांचाल है, वहां की जो खेल प्रतिभायें हैं उनको सामने लाने का मौका मिलेगा और जनपद का नाम वो है निश्चित रूप से पूरे प्रदेश में ही नहीं, वरन् राष्ट्रीय स्तर पर अन्तर्राष्ट्रिय स्तर पर रोशन करने में वो लोग सफल होंगे।*

————————

प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत प्रदेश सरकार ने मार्च दो हजार सत्ताइस तक कुल आठ लाख सोलर रूफटॉप संयंत्रों की स्थापना का लक्ष्य निर्धारित किया है। प्रदेश में अब तक एक लाख से अधिक ऐसे संयंत्र लगाये जा चुके हैं।

————————